राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–1

राजभवन देहरादून 30 मार्च, 2024

शनिवार को राजभवन में राजस्थान राज्य का स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में राज्य के उत्तराखण्ड में रह रहे बच्चों व अन्य लोगों ने प्रतिभाग किया। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने इस कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए उपस्थित लोगों को पूरे प्रदेश की ओर से स्थापना दिवस की बधाई दी।

राज्यपाल ने कहा राजस्थान एक ऐसा राज्य है जो अपनी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्वपूर्णता के लिए प्रसिद्ध है। यहाँ के लोग, उनकी समृद्ध विरासत और विभिन्न समुदायों के एकता और सामर्थ्य के लिए प्रशंसा के पात्र हैं। राजस्थान न केवल अपने इतिहास और संस्कृति के साथ मशहूर है, बल्कि यह पर्यटन के लिए विश्वभर में मशहूर है। इस अवसर पर, हम सभी को यह समझने का मौका मिलता है कि राजस्थान के प्राचीन राजा–महाराजा और उनके योद्धाओं ने किस प्रकार इस प्राचीन भूमि को समृद्धि और प्रतिष्ठा का केंद्र बनाया।

राज्यपाल ने कहा कि 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के माध्यम से राज्यों के लोगों से परस्पर परिचय, एकता की भावना, राज्यों की विविध परंपराएं, कला, संस्कृति, वेशभूषा और खान–पान की शैली का भी आदान–प्रदान होता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक राज्य की एक विशिष्ट पहचान है, राज्यों की विविधता भारत की ताकत हैं। तमाम विविधताओं के बावजूद भी हम सब एक हैं, यही भारत की विशेषता है।

इस कार्यक्रम में सचिव श्री राज्यपाल रविनाथ रामन, वित्त नियंत्रक डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव, उप सचिव जी. डी. नौटियाल सहित राजस्थान के निवासी लोग उपस्थित रहे।

..........0..........